कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

समीक्षाधीन तिमाही बैठक की अवधि - मार्च 2019

बैठक के आयोजन की तिथि - 18-04-2019

राजभाषा विभाग के प्रगामी लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के सन्दर्भ में माननीय प्रधान निदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के शुभारम्भ में माननीय उपनिदेशक महोदय ने उपस्थित होने वाले सभी अधिकारियों / कर्मचारियों का स्वागत किया एवं बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। इस अवसर पर विगत तिमाही में हिंदी की प्रगति पर उच्चस्तरीय समीक्षा की गयी एवं हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए। कार्यवाही का विवरण निम्नवत है -

समीक्षा के दौरान पाई गई कमी	**विगत तिमाही में स्थिति**	**वर्तमान तिमाही में स्थिति**	**कमी का कारण**	**कमीदूर करने के लिए की गई उपचारी कार्यवाही**
प्रयोज्य नहीं	कार्यालय में शत-प्रतिशत कार्य हिंदी में किये जा रहे हैं। अन्य कार्यालयों से पत्राचार हिंदी में किये जा रहे हैं।	भविष्य में भी शत प्रतिशत हिंदी में किये जा रहे हैं।	--	भविष्य में भी हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु सभी अधिकारियों / कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया।
कुछ एक पत्र अंग्रेजी में जारी किये गए थे।	प्रयोज्य नहीं	प्रयोज्य नहीं	--	पत्रों को हिंदी/द्विभाषी में निर्गत करने का निर्देश दिया गया।
कार्यशाला का आयोजन मुख्यालय में ही किया जाता है। प्रत्येक मंडल में कार्यशाला आयोजित नहीं करायी जा रही है।	प्रयोज्य नहीं	प्रयोज्य नहीं	--	प्रत्येक मंडल में भी त्रैमासिक स्तर पर कार्यशाला आयोजित करायी जाए।

पत्रिका 'पारिजात' के सन्दर्भ में प्रशंसा पत्रों का प्रकाशन न किया जाना ।	प्रयोज्य नहीं	प्रयोज्य नहीं	--	पत्रिका 'पारिजात' के सन्दर्भ में प्रशंसा पत्रों का नियमित रूप से प्रकाशन किया जाए जिससे रचनाकारों का उत्साहवर्धन हो ।
प्रयोज्य नहीं	प्रयोज्य नहीं	सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' पर साहित्यिक परिचर्चा की गयी ।	--	प्रयोज्य नहीं

(के.पी.यादव)

प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा